an>

Title: Need to take strict action against those playing mischief with IT disclosure scheme.

डॉ. किरीट सोमैया (मुम्बई उत्तर पूर्व) : अध्यक्ष महोदया, माननीय प्रधानमंत्री जी ने डिमॉनेटाइजेशन, नोटबंदी की जो योजना घोषित की है, मैं उसका स्वागत करता हूं।...(व्यवधान) इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री जी ने जिस किसी के पास काला धन या अनडिसक्लोज्ड इनकम है,...(व्यवधान) अगर वे बैंक एकाउंट्स में पैसे जमा करते हैं, ...(व्यवधान) तो उनमें से 50 प्रतिशत धन गरीब कल्याण कोष में जायेगा,...(व्यवधान) यह योजना घोषित की है।...(व्यवधान) लेकिन हमने देखा कि पहले की इनकम डिसक्लोजर स्कीम और वर्तमान स्कीम में कुछ लोग मिसचीफ कर रहे हैं, ...(व्यवधान) प्रधानमंत्री जी की योजना को बदनाम करने का प्रयत्न कर रहे हैं।...(व्यवधान) मुंबई के बांद्रा में मेरा जन्म हुआ था।...(व्यवधान) बांद्रा के एक छोटे घर में रहने वाले एक व्यक्ति ने 2,00,000 करोड़ रूपये की इनकम घोषित की।...(व्यवधान) वास्तव में उसके पास एक ढेला भी नहीं है।...(व्यवधान) उसी प्रकार से एक और व्यक्ति ने गुजरात में 13,500 करोड़ रूपये की घोषणा की।...(व्यवधान) जो मिसचीवियस पर्सन्स हैं, वे मोदी सरकार की भव्य योजना को बदनाम करने का प्रयत्न कर रहे हैं, उन पर कड़ी से कड़ी कार्यवाई होनी चाहिए, ऐसी मेरी प्रार्थना है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री निशिकान्त दुबे,

श्री शरद त्रिपाठी,

डॉ. किरिट पी. सोलंकी,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री नारणभाई काछड़िया,

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी जी को डॉ. किरीट सोमैया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।